FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0201 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 13/09/2024 14:17 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7A

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 10/09/2024 **Date To (दिनांक तक):** 11/09/2024
   Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 13:00 बजे **Time To (समय तक):** 16:33 बजे
   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 13/09/2024 **Time (समय):** 13:00 बजे
   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 13/09/2024 14:17:06 बजे
4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित
5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** NORTH, 335 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE
   (b) **Address(पता):** MAHAVALI FURNITUR AND WAELDING WORKS, BADA BAZAR KUJADA GALI, DIST JALAWAR
   (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
   Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** MUHAMMAD ASIF

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** HUSSAIN MUHAMMAD

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 24/04/1988 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	WARD NO.30, DHAPAOLA GALI BADA BAZAR, JHALAWAR, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	WARD NO.30, DHAPAOLA GALI BADA BAZAR, JHALAWAR, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	PRIYANSH GOYAL		पिता:VIRENDRA GOYAL	1. MAKAN NO.17,BARAN ROAD,SARASWATI COLONY,KOTA
2	GAJENDRA KUMAWAT		पिता:RADHESHYAM KUMAWAT	1. MAKAN NO.1143,MURLI MANOHAR MANDIR,MELA MAIDAN,SUNEL,JHALAWAR,RAJASTHAN,INDIA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)**
(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		30,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 30,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

महोदय, हालात् घटना क्रम इस प्रकार है कि दिनांक 10.09.2024 को ब्यूरो मुख्यालय, जयपुर की हेल्प लाईन नम्बर 1064 से कॉल कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया गया कि श्री राशीद खान के मोबाईल नं0 [redacted] पर बात कर कार्यवाही करें। इस पर उक्त मोबाईल नम्बर पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बातचीत कर परिवादी को कार्यालय में तलब किया गया। इस पर दो व्यक्ति कार्यालय में उपस्थित आये जिनसे परिचिय प्राप्त करने पर एक ने अपना नाम मोहम्मद आसिफ व दूसरे अपना नाम राशीद खान होना बताया तथा कहा कि हम दोनों सगे भाई है । इस पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ पुत्र श्री हुसैन मोहम्मद जाति मुसलमान उम्र 36 साल निवासी वार्ड नं0 30 ढ़पौला गली बड़ा बाजार, झालावाड़ थाना कोतवाली झालावाड़ जिला झालावाड़ (राज0) का होना बताया तथा एक स्वयं हस्तलिखित प्रार्थना पत्र रिश्वत देने हुए रंगे हाथों पकड़वाने बाबत् पेश की कि मेरा व मेरे भाई मोहम्मद आरिफ का काम स्टील फर्निचर का है। उस काम को बढ़ाने के लिए हमने यू.पी.वी.सी. मशीन, विंडो मशीन खरीदने के लिए मेरे भाई मोहम्मद आरिफ के नाम से उघोग केन्द्र झालावाड़ में माह अगस्त में लोन के लिए आवेदन किया था, जिस पर हमारा उघोग केन्द्र झालावाड़ से 11,00,137 रूपये का लोन वहां से पास होकर एस.बी.आई. ब्रांच गढ़ परिसर शाखा झालावाड़ से प्रोसेस होकर एस.बी.आई. की बड़ी ब्रांच आर.ए.सी.सी. झालावाड़ में जाना बताया। इस पर मैं आर.ए.सी.सी. ब्रांच झालावाड़ में गया तो वहां मुझे एक व्यक्ति मिले जिन्होने अपना नाम प्रियांश अग्रवाल प्रोसेसिंग उप प्रबंधक होना बताया। उन्होने मुझसे हमारा लोन पास करने की एवज में मुझसे 50,000रूपये की मांग की गई। इस पर हमने रूपये कम करने की कहा तथा हमारे हाथा जोड़ी करने पर वह 40,000रूपये का दबाव बनाकर लेने के लिए राजी हुए। फिर उन्होने अपने स्टाफ में से एक व्यक्ति से हमें मिलवाया जिसका नाम गजेन्द्र था उन्होने 40,000रूपये का इंतजाम कर गजेन्द्र को देने के लिए हमसे बोला था। इस पर गजेन्द्र तकरीबन 15 दिनों से मुझे फोन कर 40,000रूपये लेने के लिए दबाव बना रहा है। वह वर्कशॉप पर आकर भी रूपये लेने के लिए दबाव बनाता है। मैं और मेरा भाई आरिफ अपने जायज काम के लिए प्रियांश अग्रवाल व गजेन्द्र को 40,000रूपये रिश्वत के नहीं देना चाहते है तथा उनको रिश्वत प्राप्त करते हुए रंगे हाथों पकड़वाना चाहते है। मेरा उनसे कोई पुराना लेनदेन या उधारी बकाया नहीं है और ना ही कोई रंजिश है। मैं अपने जायज काम के लिए रिश्वत नहीं देना चाहता हूं। मेरे उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करने की कृपा करें। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र व मजमून दरियाफ्त से मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) की धारा 7 की परिधि में आना पाया गया है । अतः परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को आरोपीगण के पास भिजवाया जाकर रिश्वत की मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जावेगा। सत्यापन में जैसी स्थिति बनेगी, तदानुरूप अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। परिवादी ने बताया कि गजेन्द्र मुझे फोन करके बुलायेगा तब मैं आपके कार्यालय में आ जाऊंगा। इस पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ व उसके भाई श्री राशिद खान को समझाईस कर सहआरोपी श्री गजेन्द्र का फोन आने पर तुरन्त कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश देकर रूखसत किया गया। समय 09.50 पीएम पर परिवादी श्री मोम्मद आसिफ व उसका भाई श्री राशिद खान कार्यालय में उपस्थित आये तथा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि लगभग 8.00 पीएम पर गजेन्द्र जी का मेरे पास फोन आया था, जिसके बारे में हमने आपको फोन कर बताया था कि गजेन्द्र जी ने मुझे राधारमन मैरिज हॉल झालावाड़ के पास बुलाया है। इस पर श्री भोजराज सहायक उप निरीक्षक मालखाना प्रभारी से मालखाना में रखे हुए ब्यूरो कार्यालय के डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर को निकलवाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ के सामने चेक किया जाकर डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर में मेमोरी कार्ड (SanDisk Ultra 32GB micro U1 SD HC I C10 A1 1067DXJDL01X BM MADE IN CHINA) डालकर परिवादी को चालू बन्द करने की विधिवत् प्रक्रिया ऑपरेटिंग

करना भलीभांति समझाकर सुपुर्द कर रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन के क्रम में परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को आरोपीगण से रिश्वत मांग की वार्ता करने हेतु तथा वार्ता को डिजीटल वाईस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड करने हेतु उसके भाई श्री राशिद खान व कार्यालय के श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 को उनके साथ निगरानी हेतु अपनी-अपनी मोटरसाईकिलों से आवश्यक हिदायत देकर राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ के लिए रवाना किया गया। रवानगी से पूर्व फर्द सुपुर्दगी डिजिटल वाईस रिकॉर्डर पृथक से मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये थे। समय 10.50 पीएम पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ व उसका भाई श्री राशिद खान तथा श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ द्वारा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड (SanDisk Ultra 32GB micro U1 SD HC I C10 A1 1067DXJDL01X BM MADE IN CHINA) पेश किया। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ से रिश्वत मांग सत्यापन वार्तालाप होने के बारे में पूछने पर परिवादी ने रूबरू अपने भाई श्री राशिद खान व श्री देवदान कानि0 425 के समक्ष बताया कि आपके निर्देशानुसार मैं व मेरा भाई अपनी मोटरसाईकिल से व श्री देवदान सिंह जी अपनी मोटरसाईकिल से रवाना होकर राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ से कुछ दूरी पर रूके, जहां पर श्री देवदान सिंह जी ने मुझे पुनः समझाईश की। मैंने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर चालू किया तथा अपनी मोटरसाईकिल से मैं व मेरा भाई रवाना हुए। हमारे पीछे-पीछे श्री देवदान सिंह जी भी अपनी मोटर साईकिल से रवाना हुए। मैं व मेरा भाई राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ के सामने पहुंचे जहां पर पूर्व से ही श्री गजेन्द्र जी हमारा इंतजार करते हुए मिले। श्री गजेन्द्र जी ने मेरा मोबाईल मेरे भाई श्री राशिद खान को सम्भलाकर हमारी मोटरसाईकिल वहीं खड़ी करवा दी तथा मुझे अपनी मोटरसाईकिल पर बैठाकर खेल संकूल, झालावाड़ परिसर में ले गये जहां पर पूर्व से श्री प्रियांश अग्रवाल हमारा इंतजार करते हुए टहल रहे थे। जिन्हें देखकर हम उनके पास पहुंचे। उन्होने मुझसे रिश्वत के बारे में पूछा तो मैंने कहा सर अभी मेरे पास 10,000रूपये पड़े है, यह ले लो बाकि 30,000रूपये मैं कल आपके कहे अनुसार दे जाउंगा। इस पर उन्होने 10,000 रूपये गजेन्द्र को देने के लिए कहा इस पर मैंने 10,000रूपये गजेन्द्र को दे दिये थे तथा श्री प्रियांश अग्रवाल ने शेष रिश्वत राशि 30,000रूपये भी कल गजेन्द्र जी को देने के लिए कहा है । हमारी बातचीत होने के बाद गजेन्द्र जी मुझे पुनः अपनी मोटरसाईकिल पर बैठाकर राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ ले गये तथा मुझे छोड़कर मुझसे कहा कि 30,000रूपये कल दे ही देना नहीं तो तुम्हारा काम नहीं होगा। इसके बाद वह अपनी मोटरसाईकिल से चले गये थे। इस दौरान श्री देवदान सिंह जी अपनी मोटरसाईकिल से हमारे पीछे-पीछे खेल संकूल परिसर में आये थे तथा दूर से हमारे ऊपर निगरानी रखे हुए थे। गजेन्द्र जी के जाने के बाद मैंने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर बन्द कर लिया था। श्री देवदान सिंह जी हमारे पास आ गये थे, जिनको व मेरे भाई को मैंने सारी बात बतायी उसके बाद राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ से अपनी-अपनी मोटरसाईकिलों से रवाना होकर एसीबी कार्यालय झालावाड़ आये है। इस दौरान हमारे बीच हुई सम्पूर्ण वार्तालाप जो आप द्वारा मुझे सुपुर्द किये गये डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में लगे मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड हो गयी है। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा डिजिटल वाईस रिकॉर्डर को चलाकर सुना गया तो उसमें वार्ता रिकॉर्ड होना पाया गया तथा परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ द्वारा पूछताछ के दौरान बताये गये कथनों की निगरानी हेतु हमराह गये श्री देवदान सिंह कानि0 से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पूछताछ करने पर उसने परिवादी के कथनो की ताईद करते हुए बताया कि परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ व उनके भाई श्री राशिद खान के साथ मैं राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ से कुछ दूरी पर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था, जहां पर एक व्यक्ति के साथ परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ मोटरसाईकिल पर बैठकर खेल संकूल, झालावाड़ के परिसर में गया था। मैं भी उनके पीछे-पीछे अपनी मोटरसाईकिल से उन पर निगरानी रखते हुए गया था। खेल संकूल में दूर से दिखाई देने वाले स्थान से मैंने देखा परिवादी अपने साथ गये व्यक्ति व वहां पहले से मौजूद व्यक्ति से आपस में वार्ताऐं कर रहे थे। बाद में जिस व्यक्ति के साथ परिवादी गया था उस व्यक्ति के साथ ही उसकी मोटरसाईकिल पर बैठकर राधारमन मैरिज हॉल, झालावाड़ आया था। उस व्यक्ति के जाने के बाद परिवादी ने मुझे व उसके भाई को सारा घटनाक्रम बताया उसके बाद हम रवाना होकर एसीबी कार्यालय आ गये। परिवादी के भाई श्री राशिद खान ने भी अपने भाई मोहम्मद आसिफ व श्री देवदान सिंह द्वारा उसके सामने कहे गये कथनों की ताईद की। फर्द प्राप्ति डिजीटल वाईस रिकॉर्डर मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन सम्बंधी रिकॉर्डेड डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के सुपुर्द शुदा को श्री भोजराज सउनि को बुलाकर सुपुर्द कर सुरक्षित मालखाना में रखने की हिदायत दी गई। दिनांक 11.09.2024 को परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ के कार्यालय में उपस्थित होने पर स्वतन्त्र गवाहान तलब कर उनकी उपस्थिति में डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड में रिकॉर्डेड वार्ता को ब्यूरो कार्यालय के लेपटॉप में डालकर सुना जाकर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता मुर्तिब की जावेगी। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को आरोपीगण की मांग अनुसार शेष 30,000रूपये रिश्वत राशि की व्यवस्था कर दिनांक 11.09.2024 को ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर परिवादी व उसके भाई को अब तक की गई कार्यवाही की गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत कर रवाना किया गया। दिनांक 11.09.2024 समय 11.00 एएम पर कार्यालय में परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ उपस्थित आया और बताया कि दिनांक 10.09.2024 को रिश्वत मांग सत्यापन के समय श्री प्रियांश जी ने बाकी शेष रिश्वत राशि के 30,000रूपये आज दिनांक 11.09.2024 को श्री गजेन्द्र जी को देने के लिए कहा था। मेरे द्वारा 30,000रूपये की

रिश्वत राशि का इंतजाम कर लिया गया है। इस पर दो स्वतंत्र सरकारी गवाहान की तलबी हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला झालावाड़ के नाम कार्यालय पत्रांक 1158 दिनांक 11.09.2024 जारी कर श्री शिवराज कानि0 166 को पत्र देकर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला झालावाड़ के लिए रवाना कर हिदायत की कि गवाहान को अपने साथ ही लेकर आये। समय 11.50 एएम पर श्री शिवराज कानि0 166 मय दो स्वतंत्र गवाहान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, झालावाड़ के पत्र क्रमांक 168 दिनांक 11.09.2024 में अंकित स्वतंत्र गवाहान अपने साथ लेकर ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आया। पत्र का अवलोकन कर शामिल पत्रावली किया गया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों स्वतंत्र गवाहान को अपना परिचय देकर उनसे उनका नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम सतीश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 श्री कृष्णगोपाल शर्मा जाति ब्राह्मण उम्र 55 साल निवासी सुभाष कॉलोनी, झालावाड़ हाल प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, झालावाड़ मो0नं0 व दूसरे ने अपना नाम देवाशीष कालवा पुत्र स्व0 श्री राकेश कालवा जाति कन्डारा उम्र 26 साल निवासी बसेड़ा मोहल्ला, झालावाड़ हाल कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, झालावाड़ मो0नं0 होना बताया। दोनों स्वतंत्र गवाहान से परिचय प्राप्त कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों स्वतंत्र गवाहान को की जाने वाली कार्यवाही के बारे में समझाया तथा पास ही बैठे परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ से उनका आपसी परस्पर परिचय करवाकर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ द्वारा दिनांक 10.09.2024 को ब्यूरो कार्यालय में पेश किया गया लिखित प्रार्थना पत्र रिश्वत देते हुए रंगे हाथों पकड़वाने बाबत् पढ़कर सुनाया गया। इस पर दोनों स्वतंत्र गवाहान ने प्रार्थना पत्र को पढ़कर व परिवादी से वार्तालाप कर परिवादी द्वारा पेश किये गये प्रार्थना पत्र पर अपने-अपने हस्ताक्षर किये तथा ट्रेप कार्यवाही में सहयोग हेतु साथ रहने की सहमति दी। समय 12.10 पीएम पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सतीशचन्द शर्मा प्रशासनिक अधिकारी व श्री देवाशीष कालवा कनिष्ठ सहायक की मौजूदगी में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश देकर श्री भोजराज सहायक उप निरीक्षक से मालखाना में सुरक्षित रखे हुए डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के निकलवाया गया। जिसके बारे में दोनों स्वतंत्र गवाह को समझाया गया कि दिनांक 10.09.2024 को परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ एवं आरोपीगण श्री प्रियांश अग्रवाल व श्री गजेन्द्र के मध्य परस्पर रिश्वत राशि मांग की गोपनीय सत्यापन वार्ता हो चुकी है। जो डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में लगे हुए मेमोरी कार्ड (SanDisk Ultra 32GB micro U1 SD HC I C10 A1 1067DXJDL01X BM MADE IN CHINA) में रिकॉर्ड है। दिनांक 10.09.2024 को हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता को श्री देवदान सिंह कानि0 425 को निर्देश देकर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड से कार्यालय के लेपटॉप में लिवाकर दोनों स्वतंत्र गवाहान, परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ के समक्ष वार्ता को लेपटॉप में अलग से लगे स्पीकर ऑन कर वार्ता को सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाजों की पहचान कर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ ने एक आवाज स्वयं की व दूसरी आवाज सहआरोपी श्री गजेन्द्र की तथा तीसरी आवाज आरोपी श्री प्रियांश अग्रवाल की होना बताया। वार्ता की हूबहू लेपटॉप से टाईप कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्तालाप मेरे निर्देशन में श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 द्वारा तैयार करवाकर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये जाकर षामिल पत्रावली की गई। समय 01.50 पीएम पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ ने दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सतीशचन्द शर्मा प्रशासनिक अधिकारी व श्री देवाशीष कालवा कनिष्ठ सहायक के समक्ष अपने पास से आरोपी श्री प्रियांश अग्रवाल प्रोसेसिंग उप प्रबंधक एसबीआई ब्रांच आरएसीसी झालावाड़ की अपनी मांग अनुसार श्री गजेन्द्र को देने हेतु शेष रिश्वत राशि 500-500रूपये के 60 नोट कुल 30,000रूपये भारतीय मुद्रा के अपने पास से निकाल कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश किये जिनके नम्बरों को फर्द पेशकशी में अंकित करवाया गया। उक्त प्रस्तुत नोटों को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी व सरकारी स्वतन्त्र गवाहान को दिखा कर श्री हर्ष कुमार कानि. नं. 234 से फिनोलफ्थलीन पाउडर की शीशी मालखाना से निकलवाकर मंगवाई तथा उक्त कानि. को रिश्वत में दिये जाने वाले नोट सुपुर्द कर उसके द्वारा ही 30,000/-रूपये रिश्वत राशि के नोटो पर फिनोलफ्थलीन पाउडर इस प्रकार लगवाया गया कि नोटो पर पाउडर की मौजूदगी प्रभावी व अदृष्य रहे तथा गवाह श्री सतीश चन्द शर्मा से परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ की जामा तलाशी लिवायी जाकर उसके पास पहने हुये कपड़े व मोबाईल के अलावा कुछ भी नहीं रहने दिया। श्री हर्ष कुमार कानि. नं. 234 के हाथ से सीधे ही फिनोलफ्थलीन पाउडर युक्त उक्त रिश्वत राशि परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ की पहनी हुई पेंट की साईड की दाहिनी जेब में रखवायी गयी। परिवादी को हिदायत दी गई की वह रिश्वत राशि को रास्ते में अनावश्यक हाथ नहीं लगाये तथा आरोपीगण की मांग अनुसार श्री गजेन्द्र द्वारा मांगने पर ही निकालकर रिश्वती राशि उसे देवें। रिश्वती राशि देने के पश्चात एवं पूर्व में आरोपी से हाथ नहीं मिलायें, यदि अभिवादन की आवश्यकता पड़े तो दूर से ही दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन कर लें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गयी कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात् रिश्वत राशि कहां रखता अथवा छुपाता हैं का भी ध्यान रखें तथा आरोपी के रिश्वती राशि प्राप्त करने पर अपने स्वयं के सिर पर दोनों हाथ फेर कर या मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल पर मिस कॉल करें ताकि मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यों को रिश्वती राशि के लेन-देन होने का पता चल जाये। दोनों स्वतन्त्र गवाहन व ट्रेप पार्टी के सदस्यों को भी हिदायत दी गई कि जहां तक सम्भव हो अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए रिश्वती लेन-देन को देखने एवं वार्तालाप को सुनने का प्रयास करें। इसके पश्चात् फिनोलफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री हर्ष

कुमार कानि0 से ही मालखाना में रखवाया गया। एक साफ प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास में साफ पानी डलवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर मिलाकर घोल तैयार करवाने पर गिलास के घोल के रंग में कोई परिवर्तन नहीं आया। डिस्पोजल गिलास के उक्त रंगहीन घोल में नोटों पर फिनोलफ्थलीन पाउडर लगाने वाले श्री हर्ष कुमार कानि0 के दाहिने हाथ की अंगुलियों को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया। इस तरह दोनों स्वतंत्र गवाहान् श्री सतीशचन्द शर्मा व श्री देवाशीष कालवा एवं परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को दृष्टांत देकर समझाईश की गई कि जो भी व्यक्ति इन फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त नोटो के हाथ लगायेगा या छुयेगा तो उसके हाथों की अंगुलियों को सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल में धुलवाने पर दोनों पाउडर के परस्पर मिश्रण से घोल का रंग परिवर्तित होकर गुलाबी हो जायेगा, जिससे यह जाहिर होगा कि उसने फिनोलफ्थलीन पाउडर युक्त रिश्वत राशि प्राप्त की है। इसके पश्चात् श्री हर्ष कुमार कानि. के द्वारा ही डिस्पोजल गिलास में दृष्टान्त के उपयोग में लिये गये गुलाबी घोल को बाथरूम के वॉश बेसिन में डलवाकर नष्ट करवाया गया तथा प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास को व फिनोलफ्थलीन पाउडर लगाने में काम में लिये गये अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया। अन्य प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलासों, चम्मच, खाली पव्वों टे^{a}प सामग्री किट इत्यादि को भी साफ पानी व साबुन से अच्छी तरह धुलवाये जाकर ट्रेप बॉक्स में रखवाये गये। श्री हर्ष कुमार कानि0 एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यों के दोनों हाथों को भी साफ पानी व साबुन से धुलवाया गया। इसके पश्चात् परिवादी को छोड़कर समस्त पार्टी के सदस्यगणों की अपनी-अपनी आपस में जामा तलाशी लिवाई गई तथा ट्रेप दल में ब्यूरो स्टाफ के पास स्वयं के विभागीय परिचय पत्र रहने दिये गये, किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु अथवा राशि नहीं रहने दी गई। रिश्वती लेन देन के समय होने वाली वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु एक डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के रख रखाव व संचालन की विधि पुनः समझाकर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को सुपुर्द किया गया। दृष्टांत कार्यवाही की पृथक से फर्द प्राप्ति एवं सुपुर्दगी रिश्वती राशि नोट एवं दृष्टान्त मुर्तिब की जाकर हाजरिन को पढ़कर सुनाई गई, सुन समझ सही मान सम्बंधित ने अपने-अपने हस्ताक्षर किये। समय 03.40 पीएम पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ ने बताया कि श्री गजेन्द्र जी मेरी मोबाईल पर वार्ता हो गई। वह रिश्वत राशि लेने मेरी दुकान महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, बड़ा बाजार, कुजड़ा गली, झालावाड़ पर 15-20 मिनट में आने के लिए बोला है। इस पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को उसकी मोटर साईकिल से उसकी दुकान के लिए रवाना रवाना किया तथा परिवादी के पीछे-पीछे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीना मय दोनों स्वतंत्र गवाह श्री सतीश चन्द शर्मा व श्री देवाशीष कालवा व जाब्ता श्री मोहम्मद आफा़क़ सउनि, मय चालक श्री छोटूलाल कानि0 नं0 534 मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर के तथा ब्यूरो स्टाफ के श्री भोजराज सउनि, श्री पवन कुमार कानि. 28 एक मोटर साईकिल से व श्री देवदान सिंह कानि. नं. 425, श्री शिवराज कॉनि0 166 एक अलग मोटर साईकिल से मय सरकारी व प्राईवेट मोटरसाईकिलों से बजानिब महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, बड़ा बाजार, कुजड़ा गली, झालावाड़ की और ट्रेप कार्यवाही हेतु रवाना हुआ। समय 04.00 पीएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान श्री सतीश चन्द शर्मा व श्री देवाशीष कालवा तथा ब्यूरो स्टाफ के श्री भोजराज सउनि, श्री मोहम्मद आफाक सउनि, श्री पवन कुमार कानि. 28, श्री देवदान सिंह कानि. नं. 425, श्री शिवराज कानि. नं. 166 मय चालक श्री छोटूलाल कानि0 नं0 534 मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर के सरकारी व प्राईवेट अपने-अपने वाहनों से ब्यूरो कार्यालय झालावाड़ से रवाना होकर महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, बड़ा बाजार, कुजड़ा गली, झालावाड़ से कुछ दूरी पर रूके। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ भी अपनी मोटरसाईकिल से मेरे पास आया। परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ को पुनः समझाईस कर उसकी दुकान पर रवाना किया तथा वाहनों को कुजड़ा गली में कोने पर साईड में खड़ा कर वाहनों से उतरकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनों स्वतंत्र गवाहान मय जाब्ता के महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, बड़ा बाजार, कुजड़ा गली, झालावाड़ से कुछ दूरी पर मोड़ पर जहां से उसकी दुकान दिखायी दे रही थी, उस स्थान पर अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए ट्रेप जाल बिछाया तथा सहआरोपी श्री गजेन्द्र के दुकान पर आने व रिश्वत राशि देने के उपरान्त परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ के ईशारे की प्रतीक्षा में मुकीम हुए। समय 04.33 पीएम पर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ ने अपनी दुकान महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, बड़ा बाजार, कुजड़ा गली, झालावाड के सामने मैन रोड़ से रोड़ के कोने पर खड़े मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसीबी टीम की और रिश्वत देने का पूर्व निर्धारित ईशारा अपने सिर पर हाथ फेरकर कर किया, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनों स्वतंत्र गवाहान मय ट्रेप पार्टी के सदस्यों को अपने पीछे आने का ईशारा कर परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ के पास पहुंचा तथा परिवादी से डिजिटल वाईस रिकॉर्ड प्राप्त कर बन्द कर अपने कब्जे में लिया। तत्पश्चात परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ से आरोपी द्वारा रिश्वत राशि मांगने, प्राप्त करने तथा रिश्वत राशि रखने वाली जगह/स्थान के बारे मे पूछा गया तो परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ ने रूबरू स्वतंत्र गवाहान अपने पास ही खड़े व्यक्ति की और ईशारा कर बताया कि यही श्री गजेन्द्र जी है जिनको मैंने पूर्व में रिश्वत मांग सत्यापन के समय श्री प्रियांश गोयल जी से हुई वार्ता अनुसार ही अभी-अभी श्री गजेन्द्र जी को 30,000 रूपये शेष रिश्वत राशि के दिये है, जो इन्होने बिना गिने ही दाहिने हाथ से प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेन्ट की साईड की दाहिनी जेब में रख लिये है। जिनको मैंने इनसे रिश्वत राशि को गिनने के लिए भी बोला था, तो इन्होने कहा कोई दिक्कत नहीं है। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त को अपना नाम व पद का परिचिय कराते हुए आने का कारण बताकर उस व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गजेन्द्र कुमावत पुत्र श्री राधेश्याम कुमावत जाति कुमावत उम्र 28 साल

निवासी मकान नं. 1143 मुरली मनोहर मन्दिर, मैला मैदान, सुनेल जिला झालावाड़ हाल फर्म मिलिन्द न्याती एण्ड कम्पनी ऑडिटर सहायक होना बताया। इस पर अभी-अभी परिवादी श्री मोहम्मद आसिफ से प्राप्त की गई रिश्वत राशि के बारे में पूछा गया तो बताया कि 25 अगस्त 2024 को श्री मोहम्मद आसीफ महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस के प्रोपराईटर मेरे पास स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मिनि आरएसीपीसी, शाखा दुर्गपुरा रोड़, झालावाड़ आये थे। जहां पर इन्होने मेरे से गोरमेंट स्कीम में लोन करवाने के लिए डोक्युमेंट तैयार करने की मुझसे कहा, मेरे द्वारा इनसे फर्म की पूरी जानकारी ली गई। उसके बाद इन्होने मुझे बताया कि हमने एक गोरमेंट स्कीम मुख्यमंत्री लघु उघोग योजना में एप्लाई किया है, जिसके लोन डोक्युमेंट मुझे तैयार करने थे। मैंने इनको अपनी फीस 50,000रूपये बतायी जो कि पूरा लोन तैयार करवाने व डोक्युमेंट तैयार करने के व पूरा इनका काम कराने तक की फीस 5 प्रतिशत के हिसाब से 50,000रूपये बतायी थी, जो यह देने के लिए तैयार हो गये थे। इसके बाद में अगले दिन इनकी दुकान पर गया तब इन्होने मुझे जल्दी से जल्दी डोक्युमेंट तैयार करके इनको देने की बोला उसके पश्चात् मैं आ गया था। उसके बाद दो दिन पश्चात डोक्युमेंट तैयार करके मैंने इनको दे दिये और एडवान्स के तौर पर 2500रूपये फोन पे किये थे तथा शेष राशि लोन होने के बाद अदा करने का वचन दिया। 30 अगस्त 2024 को महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस का 9,90,000रूपये का लोन एसबीआई शाखा आरएसीसी झालावाड़ द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। इसके पश्चात् मैंने बकाया रकम इनको अदा करने के लिए फोन किया। इनके द्वारा मुझे 3-4 दिन में पेमेंट करने का बोला गया। इन्होने बोला कि अभी मेरे पास पेमेंट की व्यवस्था नहीं है और मैं किसी और से उधार लेकर के आपको अदा करूंगा। इसी बीच इन्होने गढ पैलेस ब्रांच में मार्जिन मनी 1,10,000रूपये जमा किये और इन्होने लोन वितरण करने का बोला। मेरे द्वारा इनको मेरी बकाया राशि भुगतान करने को बोला तो इन्होने मुझे बार-बार चक्कर दिये और मेरा भुगतान नहीं किया। मैं इनको कई बार फोन कर चुका था और इनकी दुकान पर भी इनसे मिलने कई बार गया था। इसके पश्चात् इन्होने मुझे कल दिनांक 10.09.2024 को रात्रि 10.00 बजे खेल संकूल के पास बुलाया और मुझे 10,000रूपये अदा किये। बाकी का पेमेंट इन्होने आज मुझे अदा करने का कहा था, उसी राशि के मैंने 30,000रूपये इनकी दुकान पर अभी प्राप्त किये है। इस पर परिवादी श्री मोहम्मद आसीफ से पूछा गया तो उसने सहआरोपी श्री गजेन्द्र कुमावत की बात का खण्डन करते हुए बताया कि मैं एसबीआई शाखा गढ परिसर झालावाड़ में लोन के बारे में पूछने गया तो वहां लोन प्रबंधक दीपक सर ने मुझे बताया कि तुम्हारे भाई मोहम्मद आरीफ की लोन फाईल में कुछ कमीयां है। तुम श्री गजेन्द्र जी से मिल लो और उनके मोबाईल नम्बर मुझे दिये। इस पर मैं फोन करके श्री गजेन्द्र जी से मिला तो इन्होने मुझसे कहा कि पूर्व में आपके भाई ने कोई लोन लिया हो तो उसके डोक्युमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, उघयम आधार, संस्था आधार इत्यादी लाकर मुझे दो जबकि मैंने उक्त डोक्युमेंट फाईल में पहले से ही लगा रखे थे। इसके बाद इन्होने कहा कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट के 2500रूपये लगेगें तो मैंने फोन पे से उसका भुगतान किया और इन्होने मुझसे बोला कि यह तेरा लोन क्लीयर होने तक की राशि है। इसके बाद मैं तुझसे एक रूपया भी नहीं मागूंगा और आपका काम हो जायेगा। जैसे ही प्रोजेक्ट रिपोर्ट इन्होने मुझे दी फिर इन्होने बोला कि आपका लोन 11,00,137रूपये का होगा और उसमें से 5 प्रतिशत कमीशन के तौर पर हमें देना होगा वरना हम फाईल का लोन वितरण नहीं करने देगें और अगर गलती से वितरण हो भी गया तो इसमें तुझे उघोग केन्द्र से जो सबसीडी मिलने वाली थी उसमें हम कुछ गडबड़ करके आपकी सबसीडी रूकवा देगें और आपके पेलेन्टी भी हम लगवा देगें। फिर मुझे इन पर शक होने के कारण मैं एबीआई बैंक शाखा आर.ए.सी.सी., झालावाड़ में श्री प्रियांश जी से मिला तो उन्होने लोन राशि 11,00,137 रूपये पर 5 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 50,000रूपये रिश्वत की मांग की तथा फिर हमारे हाथाजोड़ी करने पर उन्होने 40,000रूपये लेने के लिए राजी हुए व गजेन्द्र जी से मिलकर उनको 40,000रूपये देने के लिए कहा था और कहा था कि यदि जल्दी रूपये नहीं दोगें तो आपकी फाईल रोक देगें। इस कारण में परेशान होकर एसीबी कार्यालय में आकर आपको प्रार्थना पत्र पेश किया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए उसी दिन आप द्वारा रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के समय 10,000रूपये रिश्वत राशि मैंने श्री प्रियांश जी से मिलकर उनके कहने पर श्री गजेन्द्र जी को खेल संकूल परिसर झालावाड़ में दे दिये थे तथा सत्यापन के दौरान ही श्री प्रियांश जी ने शेष रिश्वत राशि 30,000रूपये भी श्री गजेन्द्र जी को देने के लिए कहा था। जो आज मैंने बाकि शेष रिश्वत राशि 30,000रूपये श्री गजेन्द्र जी को मेरी दुकान पर आने पर दिये है। रिश्वत राशि देने के बाद मैंने श्री गजेन्द्र जी से कहा कि श्री प्रियांश सर से बात कराओ तब इन्होने अपने फोन से श्री प्रियांश जी के फोन पर कॉल करके मेरी बात करवाई। मैंने श्री प्रियांश सर से कहा कि मैंने रूपये गजेन्द्र जी को दे दिये है। और मैंने उनसे यह भी पूछा मेरा लोन वितरण कब तक हो जायेगा तो श्री प्रियांश जी मुझसे कहा कि लोन वितरण आज होगा मुझे मालूम नहीं था। आपने पैसे दे दिये है तो आज ही हो जायेगा और एक बार गढ़ परिसर वाले दीपक सर से जाकर मिल लेना। श्री गजेन्द्र जी झूठ बोल रहे है कि यह उनकी फीस है जबकि उनकी फीस तो मैंने पूर्व में 2500रूपये फोन पे कर चुका था। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर सहआरोपी श्री गजेन्द्र कुमावत का बायां हाथ श्री मोहम्मद आफाक सउनि व दाहिना हाथ श्री भोजराज सउनि ने कलाई से ऊपर से पकड़ लिये तथा हाथ पकड़े स्थिति में परिवादी की दुकान महावली फर्निचर एण्ड वेलडिंग वर्कस, झालावाड़ के अन्दर ले गये। जहां पर दो प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलासों में साफ पानी भरवाकर उसमें सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया गया। एक डिस्पोजल गिलास के घोल में सहआरोपी श्री गजेन्द्र कुमावत के दाहिना हाथ की अगूंलियों व अगूंठे को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग हल्का

